तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 7 नवंबर 2024

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला



14 जनपद परिसर में धरना पर बैठा ब्लाक सरपंच संघ,...





14 हाइटेक बस स्टैंड शहरवासियों के लिए सपना ...




## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला 11 को

**बलौदाबाजार।** कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली एवं संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ के तहत शासकीय आद्यौगिक प्रशिक्षण संस्था सकरी बलौदाबाजार में शिक्षुता प्रशिक्षण अधिनियम 1961 के अंतर्गत 11 नवम्बर को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशीप मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले का आयोजन सुबह 10.30 बजे से होगा। उक्त मेले में विभिन्न प्रतिष्ठानों को अप्रेंटिशीप एवं प्लेसमेंट हेतु आमंत्रित किया गया है। शासकीय एवं निजी आईटीआई से उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं आवश्यक अभिलेखों एवं दस्तावेजों के साथ शामिल होकर अवसर का लाभ ले सकते हैं।

### घर घुसकर पिता-पुत्र से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बिलाईगढ़ में एक व्यक्ति ने घर घुसकर पिता-पुत्र से मारपीट की। सरायपाली पुलिस ने बताया कि बिलाईगढ़ का भोजराज चौधरी 5 नवंबर की शाम 7 बजे अपने घर में था, तभी गांव का हरिश्चंद्र सिदार घर के सामने आकर उसे उधारी का पैसा वापस मांगते हुए गालियां दे रहा था। प्रार्थी ने जब कहा कि मेरे द्वारा तुमसे पैसा नहीं लिया गया है तब आरोपी मारपीट करते हुए उसके घर के अंदर घुस गया। बीच बचाव करने आए प्रार्थी के पिता जगेश्वर चौधरी से भी आरोपी ने मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 332(सी) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### शराब पीने की सुविधा देने पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** ठेला में शराब पीने की सुविधा दे रहे एक व्यक्ति पर तुमगांव पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि 5 नवंबर को ग्राम खैरझिटी में एक व्यक्ति द्वारा अपने ठेले में लोगों को बैठाकर अवैध रूप शराब पीने का सामान उपलब्ध कराए जाने की सूचना मिली थी। पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद शराब पीने वाले भाग गए, वहीं पकड़े गए व्यक्ति से अपना नाम राजकुमार कोसले पिता हीराराम कोसले (50 साल) बताया। आरोपी के कब्जे से 1 पौवा देशी प्लेन शराब, डिस्पोजल की खाली गिलास जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवी की गई।

### ट्रक की टक्कर कार क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** बागबाहरा में एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने बताया कि रमेश चंद्राकर नरतोरी बागबाहरा 5 नवंबर को अपनी पत्नी के साथ कार क्रमांक सीजी 06 जीएस 1392 से बागबाहरा आया था, एनएच 353 मेन रोड स्थित इलेक्ट्रॉनिक दुकान के सामने डिवाइडर से गाड़ी मोड़ रहा था, तभी सामने से ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीआर 8655 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर कार को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घटना में कार के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव 12 को

**महासमुंद।** ग्राम भलेसर में श्याम सेवा परिवार एवं ग्रामीणों के सहयोग से 12 नवंबर मंगलवार को खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। जय बजरंग नवयुवक समिति के अध्यक्ष दौलत राम सिन्हा ने बताया कि खाटू श्याम बाबा की पूजा शाम 6 बजे होगी। वहीं भजन संध्या रात्रि 8 बजे होगी। इसमें मुख्य कलाकर मधुसूदन अग्रवाल एवं रवि अग्रवाल रायपुर होंगे।

# मुख्यमंत्री साय आज जिले को देंगे करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री साय आज एक दिवसीय प्रवास के दौरान जिला मुख्यालय स्थित दशहरा मैदान में पहुंचेंगे। इस दौरान वे जिले के 60 करोड़ 20 लाख 21 हजार के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इसमें कुल 32 करोड़ 32 लाख 12 हजार रुपए के 16 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 27 करोड़ 88 लाख 9 हजार के 32 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 3 केएलडब्ल्यू फिकल स्लज मैनेजमेंट प्लांट निर्माण कार्य सुहेला 24.70 लाख, सीसी रोड निर्माण कार्य सलौनी 7 लाख, सीसी रोड सह नाली निर्माण कार्य सकरी 5.20 लाख, नगरीय निकाय विभाग द्वारा बलौदाबाजार शहर विभिन्न वार्डों में सीसी रोड, आरसीसी नाली, बीटी रोड एवं अन्य निर्माण कार्य 221.23 लाख, विभिन्न वार्डों में सीसी रोड, आरसीसी नाली, बीटी रोड शामिल हैं।

## 32 करोड़ 32 लाख के 16 विकास कार्यों का भूमिपूजन व 27 करोड़ 88 लाख के 32 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल

### बस स्टैंड का होगा उन्नयन

इसके अलावा बस स्टैण्ड उन्नयन एवं अन्य निर्माण कार्य 299.77 लाख, निकाय क्षेत्रंतर्गत मेन रोड डिवाईडर में सौन्दर्यीकरण 23 लाख, वार्ड 2 मिनीमाता उद्यान परिसर में अटल परिसर निर्माण 27.61 लाख, निकाय क्षेत्रंतर्गत वार्ड 2, 5, 6, 10, 15, 17, 18 एवं 20 में पाइप लाइन विस्तार कार्य 66.64 लाख, लोक निर्माण विभाग द्वारा बलौदाबाजार में नवीन जिला परिवहन कार्यालय भवन का निर्माण 174.41 लाख, शासकीय डीके महाविद्यालय बलौदाबाजार में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण 111.53 लाख, विकासखंड सिमगा के ग्राम नवापारा में पशु चिकित्सालय भवन का निर्माण 16.66 लाख, सखी वन स्टॉप सेंटर कार्यालय हेतु भवन निर्माण 60 लाख, छग ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण द्वारा बलौदाबाजार से पुरैना खपरी सड़कों का नवीनीकरण कार्य 282.06 लाख, 3 टी 010 से ढनढनी सड़कों का नवीनीकरण कार्य 254.96 लाख, पड़कीडीह से टेकारी सड़कों


▶▶ शेष पेज 14 पर


### 40 लाख में बनेगा आत्मानंद वाचनालय और पुस्तकालय भवन



इसी तरह पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्वामी आत्मानंद वाचनालय एवं पुस्तकालय भवन निर्माण कार्य बलौदाबाजार 40 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (गोड़ पारा) खैरताल 5 लाख, रंगमंच निर्माण कार्य (गोंड़ पारा) पौसरी 3 लाख, मुक्तिधाम (सौदागृह एवं प्रतिक्षालय निर्माण) देवरी 4 लाख, सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य चरोटी 6.50 लाख, आंगनबाड़ी भवन निर्माण केन्द्र क्रमांक–2 देवरी 3 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य भरसेला (बड़ा) 5 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य मगरचबा 5 लाख, व्यावसायिक परिसर निर्माण कार्य (नायकटाड़) पंचायत लटुवा 8.35 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (कर्मा माता) कंजी 10 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (तालाब पार में) कंजी 5 लाख, नगरीय निकाय विभाग द्वारा विभिन्न वाडोंर् में बीटी रोड निर्माण कार्य (16 कार्य) 99.98 लाख, वार्ड 2 कलेक्ट्रेट से पं. चक्रपाणी हाई स्कूल होते हुए नया बस स्टैण्ड उद्यान तक बीटी रोड निर्माण 106 लाख, नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार क्षेत्रंतर्गत पाइप लाइन विस्तार 62.2 लाख, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजना भरसेला (बड़ा) 121.77 लाख, एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजना भरसेली 108.69 लाख, एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजना ढाबाडीह 64.06 लाख शामिल हैं।

### ग्रामीणों को नल जल प्रदाय योजना का मिलेगा लाभ

*रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना रसेड़ी 177.13 लाख, एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजना सलोनी 154.25 लाख, एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजना शुक्लाभाठा 119.21 लाख, एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजना जांगडा 170.26 लाख, रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना करही (चंडी) 90.48 लाख, लोक निर्माण विभाग द्वारा खिलोरा से मुड़पार मार्ग का निर्माण लं. 2.50 किमी 276.81 लाख, बिलाईडबरी से गोरदी मार्ग का निर्माण लं. 4.00 किमी 411.50 लाख, बलौदाबाजार में दिव्यांगजनों के लिए सामुदायिक रैन बसेरा (निःशक्तजन कल्याण केन्द्र) भवन निर्माण कार्य 12.32 लाख, विकासखण्ड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम दशरमा में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य 28.51 लाख, सैहा से चांपा पहुंच मार्ग का निर्माण लं. 2.5 कि.मी. 307.64 लाख, शिक्षा विभाग द्वारा विकासखण्ड सिमगा में अतिरिक्त कक्ष*


▶▶ शेष पेज 14 पर


## कार्यक्रम : मंत्री श्याम बिहारी ने जिला स्तरीय राज्योत्सव को संबोधित किया

# डबल इंजन की सरकार से चहुंमुखी विकास की ओर बढ़ रहा छत्तीसगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ वासियों की मांग को पूर्ण करते हुए अलग राज्य का निर्माण किया था। आज छत्तीसगढ़ विकास की नई ऊंचाइयों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ के 24वें स्थापना दिवस पर जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के हाई स्कूल मैदान में मंगलवार को आयोजित राज्योत्सव समारोह में पहुंचे जिला के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने संबोधन में उक्त उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार से चहुंमुखी विकास की ओर छत्तीसगढ़ बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री के रूप में क्षमतावान विष्णु देव साय का नेतृत्व मिला है। केवल 10 माह के कार्यकाल में इस सरकार ने जो उपलब्धियां हासिल की वह काबिले तारीफ है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि प्रदेश के लिए आज खुशी का पल है। छत्तीसगढ़ राज्य गठन को 24 वर्ष पूरा हो गया, जिसमें हर क्षेत्र में विकास हुआ है।



### कलेक्टर ने दी विकास कार्यों की जानकारी

*कलेक्टर दीपक सोनी ने स्वागत भाषण में जिले की सामाजिक, सांस्कृतिक व औद्योगिक पहचान के साथ ही विकास कार्यों को रेखांकित किया। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा शुरू किये गए दस्तक अभियान, नई दिशा, हम होंगे कामयाब जैसे नवाचारी पहल का भी उल्लेख करते हुए राज्य शासन की मंशानुरूप जिले में विकास कार्यों को गति देने में सबका सहयोग की अपेक्षा की। आभार ज्ञापन जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल उपस्थित थे।*

### हमारी सरकार ने राज्य खेल अलंकरण की शुरू की

हमारी सरकार ने खिलाड़ियों को सम्मान व प्रोत्साहन देने के लिए राज्य खेल अलंकरण शुरू किया। कार्यक्रम को पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सनम जंगड़े एवं नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में सनम जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष योगेश सुमन वर्मा, नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष चितावर जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। नगर में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में देर रात तक छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति एवं रीति–रिवाजों पर केंद्रित रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 20 हितग्राहियों को स्वीकृत पत्र, 10 को चाबी, 10 लखपति दीदी, सीकल सेल कार्ड 2 हितग्राही, आयुष्मान कार्ड 2 हितग्राही, 4 हितग्राहियों को राशन कार्ड, पीएम आवास शहरीय के तहत 2 हितग्राहियों को चाबी, पीएम स्वनिधि योजना के 3 हितग्राही, 5 को जाति प्रमाण पत्र, मछली पालन विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को जॉल, 3 हितग्राहियों को आइस बॉक्स, कृषि विभाग द्वारा 11 हितग्राहियों को मसूर बीज एवं हम होंगे कामयाब के अंतर्गत 11 हितग्राहियों को अभिनंदन पत्र स्टॉल के माध्यम से दिया गया है।

# छपोराडीह के ग्रामीण 4 माह से त्रस्त हैं, मांग लेकर पहुंचे डीई के दफ्तर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छपोराडीह के ग्रामीण बीते 4 माह से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली और लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। ग्राम छपोराडीह के खेतों में बोरवेल्स को बिजली सप्लाई के लिए जो ट्रांसफार्मर लगाए गए, वे बीते 3-4 माह से खराब पड़े हैं। मिली जानकारी के अनुसार इसी ट्रांसफार्मर से गांव के कुछ घरों में बिजली सप्लाई होती रही है। ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद घरेलू कनेक्शन को अन्य ट्रांसफार्मर से जोड़ा गया। लेकिन, जिस ट्रांसफार्मर में इन ग्रामीणों के बिजली कनेक्शन जोड़ा गया, उसमें लोड बढ़ गया तथा लो वोल्टेज की समस्या सामने आने लगी। वोल्टेज डाउन होने से ना तो पंखे चल रहे हैं, ना ही कूलर और ना ही टीवी चल पा रहे। जिसके चलते ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण ने बताया कि कई बार विभाग को सूचना दे चुके हैं, लेकिन ट्रांसफार्मर सुधारने या बदलने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई।

बुधवार को ग्राम छपोराडीह के 60-70 ग्रामीण इस समस्या को लेकर पूर्व संसदीय सचिव व पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया। चंद्राकर ग्रामीणों के साथ संभागीय अभियंता के दफ्तर पहुंचे और डीई से चर्चा की तथा शीघ्र छपोराडीह में नए ट्रांसफार्मर लगाने की बात कही। चंद्राकर के साथ ग्राम छपोराडीह के गेंदलाल ध्रुव, महादेव नेताम, रामजी ध्रुव, एनकुमार सार, पुरुषोत्तम सार, कलीराम ध्रुव, मदन खैरवार, होरीलाल निषाद, दयाराम ध्रुव सहित 60-70 ग्रामीण बिजली दफ्तर में उपस्थित रहे।

# पालिका ने चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



नगर पालिका परिषद में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए अभियान चलाया जा रहा है। डिवाइडर में उगे झाड़ियों की कटाई कर उनमें रंगाई-पोताई जारी है। शहर के सभी मुख्य मार्गों में निरंतर सफाई जारी है। लगातार पिछले कई दिनों से शहर में गंदगी एक गंभीर मुद्दा बन गया था, जिसमें नगर पालिका प्रशासन ने अपनी सुझबुझ दिखाते हुए शहर में सफाई अभियान प्रारंभ की हैं।

# संयंत्र लगाने दी गई एनओसी ग्रामसभा में निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

- खारिज प्रस्ताव में 16 पंच एवं सरपंच के हस्ताक्षर

दरचुरा पंचायत द्वारा प्रस्तावित संयंत्र को दी गई एनओसी को ग्रामसभा ने सर्वसम्मति से निरस्त कर दिया है।

तहसील के ग्राम दरचुरा में पंचायत द्वारा प्रस्तावित संयंत्र को पूर्व में दिए गए एनओसी को बुधवार को ग्राम सभा में सर्वसम्मति से खारिज कर दिया गया है। पंचायत सचिव जोहन दास भारती ने बताया कि 1 सितम्बर को मेसर्स इंदरमणी मिनरल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने स्पंज आयरन एवं स्टील उद्योग की स्थापना के लिए ग्राम पंचायत दरचुरा से एनओसी की मांग की थी। जिस पर पंचायत द्वारा 24 सितंबर को सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर प्रस्तावित उद्योग के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया था।





ग्राम दरचुरा में मेसर्स इंदरमनी मिनरल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर 87.60 एकड़ की जमीन स्वामित्व में दर्ज है। जिसका खसरा नंबर 2119, 2126/8, 2087, 2920, 2111, 2112, 2093/3, 2032/1, 2065/7, 2065/5, 2065/1, 2065/6, 2149, 2086, 2117/1, 2129/3, 2064/1, 2066,31, 2063/2, 2139/1, 2112/1, 2077/1, 2068/3, 2029/3, 2160/1/डीएचए/1, 2160/2डीए, 2184/2-3-5-6-8, 2139/2, 2184/4, 2051/2, 483, 484,


▶▶ शेष पेज 14 पर


### इसी कारण तत्कालीन सरपंच को गवानी पड़ी थी कुर्सी

गौरतलब हो कि दरचुरा में तत्कालीन सरपंच कुमारी बाई दिवाकर द्वारा उद्योग को एनओसी दिए जाने के मामले को लेकर पंचों एवं ग्रामवासियों द्वारा विरोध करते हुए सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित कर उन्हें पद मुक्त कर दिया गया था। मगर वर्तमान सरपंच सरस्वती डहरे द्वारा फिर से उसी गलती को दोहराया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है।

### मिलेगा रोजगार

उक्त उद्योग के लगने से ग्राम दरचुरा सहित आसपास के असंख्य बेरोजगारों को योग्यता के अनुसार रोजगार मिलेगा।

*आलोक राय, संयंत्र प्रबंधन*

## वसूला गया 4,47,800 रुपए का समन शुल्क

# 349 यात्री वाहनों में पर हुई चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला परिवहन विभाग ने यात्री वाहन संचालकों द्वारा निर्धारित दर से अधिक किराया वसूलने तथा बसों में किराया सूची चस्पा नहीं करने पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 4,47,800 रुपए समन शुल्क वसूल किया है। इस कार्रवाई से यात्री वाहन संचालकों में हड़कंप मची है।

मिली जानकारी के अनुसार विभागीय प्रवर्तन अमले द्वारा निर्देशों के अनुपालन के तहत यात्री वाहनों की जांच करते हुए निर्धारित किराये की राशि से अधिक किराया वसूल करते पाये गये वाहन एवं बिना किराया दर सूची चस्पा किये संचालित होते पाए 349 यात्री वाहनों में चालानी कार्यवाही कर कुल 4,47,800 रुपए समन शुल्क वसूल किया। विभाग द्वारा आम जनता से भी अपील की गई है कि शासन द्वारा जिन वर्गों को यात्री किराये में छूट दी गई है। यदि यात्रा के दौरान वाहन संचालन द्वारा किराये में छूट नहीं दी जाती है, या किसी प्रकार का अभद्र दुर्व्यवहार या अवैध किराया दर वसूल किया जाता है तो इसकी शिकायत यदि कोई साक्ष्य या तथ्य भी हो तो संबंधित जिले के परिवहन अधिकारी से किया जाए। विभाग द्वारा परिवहन अधिकारी एवं प्रवर्तन अमले को ऐसी शिकायतों को त्वरित गंभीरता से लेने व इस दिशा में निरंतर चेकिंग कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये है।



जिला परिवहन अधिकारी सीएल देवांगन ने बताया कि राज्य शासन द्वारा आम जनता को बेहतर यातायात एवं परिवहन के साधन उपलब्ध कराने की दृष्टि से राज्य के विभिन्न मार्गों में साधारण श्रेणी से लेकर वातानुकूलित शयन श्रेणी के निजी यात्री वाहनें संचालित है, जो आम जनता व यात्रियों को उनके निर्धारित गंतव्य तक प्रतिदिन पहुंचाने का काम करती है। राज्य शासन द्वारा इन्हीं संचालित निजी यात्री वाहनों में सफर करने वाले ऐसे व्यक्ति जो दृष्टिहीन है, बौद्धिक दिव्यांग व्यक्ति, ऐसे दिव्यांग व्यक्ति जो दोनों पैरों से चलने में असमर्थ है, वरिष्ठ नागरिक जिनकी उम्र 80 साल या उससे अधिक है, एचआईव्ही एड्स से पीड़ित व्यक्ति को यात्री किराये में 100 प्रतिशत छूट दी गई है तथा समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति का प्रमाण पत्र रखने वाले व्यक्ति को यात्री बस में सफर करने पर किराये में 50 प्रतिशत की रियायत छूट दिये जाने हेतु अधिसूचित गया है। त्यौहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए यह संभव है कि आम जनता द्वारा अपने गतंव्य में जाने हेतु अधिक आवाजाही होगी, जिसके फलस्वरूप यात्रियों से वाहन संचालकों द्वारा अवैध वसूली कर अधिक किराया दर वसूल किया जा सकता है।

### किराया सूची चस्पा करने के निर्देश

इस तथ्य की दृष्टि से राज्य के परिवहन अधिकारियों को अधिक किराया वसूली की शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेने एवं ऐसे यात्री वाहनों के विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। परिवहन अधिकारी के अनुसार आमजनता को दृष्टिगोचर रूप से अपने गंतव्य के लिए निर्धारित किराये दर की जानकारी हो इस बाबत यात्री बसों में किराया सूची चस्पा हो यह सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।


## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468


कृष्णा अवस्थी
जिला महामंत्री, बलौदबाजार
अनिल अग्रवाल
जिला महामंत्री, रायपुर ग्रामीण
सुमन योगेश वर्मा
जनपद अध्यक्ष
टोशूलाल धुरंधर
भाजपा नेता
अशोक जैन
पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष
श्रीमती सुनिता वर्मा
जिला मंत्री
श्रीमती नीलम सोनी
जिला उपाध्यक्ष
श्री उमेश बाजपेयी
जिला उपाध्यक्ष
श्री नरेश केसरवानी
जिला उपाध्यक्ष
मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री (छ.ग. शासन)
मान. डॉ.रमन सिंह जी
अध्यक्ष, छ.ग. विधानसभा
मान. श्री टंकराम वर्मा जी
केबिनेट मंत्री, छ.ग. शासन
मान. चित्तावर जयसवाल जी
अध्यक्ष, नगर पालिका
बलौदाबाजार नगर के दशहरा मैदान में आज गुरूवार को आयोजित दीपावली मिलन समारोह व विभिन्न विकाश कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह में पधारे
मान. विष्णुदेव साय जी मुख्यमंत्री (छ.ग. शासन)
मान. डॉ.रमन सिंह जी अध्यक्ष, छ.ग. विधानसभा
सहित समस्त अतिथियों का हार्दिक
स्वागत... वंदन... अभिनंदन...
कार्यक्रम स्थल : दशहरा मैदान, बलौदाबाजार, समय : 11 बजे
संकेत शुक्ला
मंडल अध्यक्ष, बलौदाबाजार शहर
डोमन वर्मा
मंडल अध्यक्ष, बलौदाबाजार ग्रामीण
केजूराम बघेल
मंडल अध्यक्ष, सिमगा
शिव कटरिया
मंडल अध्यक्ष, सुहेला
भागवली साहू
मंडल अध्यक्ष, तिल्दा ग्रामीण
सुरेश वर्मा
मंडल अध्यक्ष, तिल्दा शहर
योगेश अग्रवाल
राजेश वर्मा
शिव नरेश मिश्रा
संजय श्रीवास
रीटा केसरवानी
पार्षद
धनीराम मार्के
संजय पंजवानी
ताराचंद कन्नौजे
विनीत : समस्त भाजपा कार्यकर्ता, बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र


विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम
में जिला मुख्यालय बलौदाबाजार पधारे प्रदेश के मुखिया
मान. श्री विष्णुदेव साय
(मुख्यमंत्री छ.ग. शासन)
मान. डॉ. रमन सिंह
(अध्यक्ष छ.ग. विधानसभा)
एवं समस्त अतिथियों का
हार्दिक स्वागत...
अभिनंदन...
मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री
छ.ग. शासन
मा. श्याम बिहारी जायसवाल
प्रभारी मंत्री, छ.ग. शासन
मा. टंकराम वर्मा
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन एवं खेलकूद
मा. डॉ. रमन सिंह
विधानसभा अध्यक्ष,
छ.ग. शासन
कार्यक्रम
07 नवम्बर 2024, गुरुवार, समय : दोपहर 12:30 बजे, स्थान - दशहरा मैदान, बलौदाबाजार
मुख्य अतिथि
श्री विष्णुदेव साय जी
माननीय मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
अध्यक्षता
श्री डॉ. रमन सिंह जी
माननीय विधानसभा अध्यक्ष, छ.ग. शासन
अतिविशिष्ट अतिथि
श्री टंकराम वर्मा जी
मान. कैबिनेट मंत्री खेलकूद एवं युवा कल्याण
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन छ.ग. शासन
:: विशिष्ट अतिथि ::
श्री बृजमोहन अग्रवाल जी
मान. सांसद रायपुर
श्री गौरी शंकर अग्रवाल जी
मान. अध्यक्ष पूर्व विधानसभा
श्री संदीप साहू जी
मान. विधायक कसडोल
श्री शिवरतन शर्मा जी
मान. पूर्व विधायक, भाटापारा
श्री राकेश वर्मा जी
मान. अध्यक्ष जिला पंचायत, ब.बा.
श्रीमती सुमन- योगेश वर्मा जी
मान अध्यक्ष जनपद पं. ब.बा.
श्रीमती कमलेश जांगड़े जी
मान. सांसद जांजगीर-चांपा
श्री इन्द्र साव जी
मान. विधायक, भाटापारा
श्रीमती कविता प्राण लहरे जी
मान. विधायक, बिलाईगढ़
डॉ. सनम जांगड़े जी
मान. पूर्व विधायक, बिलाईगढ़
श्री चितावर जायसवाल जी
मान. अध्यक्ष, न.पा. परिषद, ब.बा.
श्रीमती लक्ष्मी वर्मा जी
मान. सदस्य छ.ग. राज्य महिला आयोग
उक्त गरिमामय आयोजन में आपकी उपस्थिति सादर निवेदित है

# जनपद परिसर में धरना पर बैठा ब्लाक सरपंच संघ, मांगी 15वें वित्त की राशि

## डेढ़ माह बाद भी पंचायतों के खाते में राशि अंतरित नहीं होने से हैं नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

15वें वित्त की राशि शासन द्वारा जारी करने के डेढ महीने बाद भी कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बलौदाबाजार द्वारा पंचायतों को राशि जारी नहीं करने से क्षुब्ध होकर सरपंच संघ कसडोल के आव्हान पर जनपद क्षेत्र के 116 पंचायतों के सरपंचों ने बुधवार को जनपद पंचायत कार्यालय के मुख्य द्वारा पर धरना पर बैठ गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायत संचालन छत्तीसगढ़ ने 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा पर त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को सहायता राशि जारी कर दी थी, जिसमे स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि आबंटित राशि जिला पंचायत, जनपद पंचायत तथा ग्राम पंचायतों को ट्रेजरी/ पी एफ एम एस के माध्यम से उनके बैंक खातों में 20 सितम्बर के पूर्व अंतरित किया जाना अनिवार्य था, परन्तु जिला पंचायत की लापरवाही से डेढ़ माह बाद भी पंचायतों के खाते में राशि अंतरित नहीं होने के कारण सरपंच परेशान है। सरपंच संघ के प्रदेश सचिव एवं ग्राम पंचायत छरछेद के सरपंच भरतदास मानिकपुरी ने बताया कि 15वें वित्त की राशि की प्रत्याशा में पंचायतों में काम कराया गया है, जिसकी मजदूरी तथा समाग्री का भुगतान बाकी है। ऐसे में यदि कही आचार संहिता लग गई तो सरपंचों को भुगतना पड़ सकता है। उंन्होने बताया कि छतीसगढ़ के अन्य जनपद पंचायतों में राशि जारी कर दी गई है पर बलौदाबाजार जिला ही ऐसा है, जहां जिला पंचायत सीईओ के अक्षमता के कारण आज तक जारी नहीं हो सकी है।



### समझाइश देने धरना स्थल पहुंचे अधिकारी

धरना प्रदर्शन कर रहे सरपंचों के बीच अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रामरतन दुबे तथा तहसीलदार विवेक पटेल तथा जेएस राजपूत भी पहुंचे, जहां सरपंचों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगें पूरी कर दी गई है। पंचायतों के खाते में राशि पहुंचना प्रारंभ हो गया है। अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया।

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त फौजी निलेश का नागरिकों ने किया जोशीला स्वागत

**सिमगा।** सरहदों पर दुश्मनों से 20 साल तक अपने देश की रक्षा करने के बाद जांबाज फौजी तथा सिमगा का सपूत भारतीय थल सेना से सेवानिवृत्त होकर मंगलवार को अपने गृह नगर सिमगा पहुंचा। फौजी निलेश तम्बोली के सिमगा आगमन को लेकर नगरवासियों में काफी उत्साह रहा। मंगलवार की शाम सैनिक निलेश का स्वागत जुलूस जैसे ही पहुंचा लोग खुशी से झुम उठे। साथ ही बधाई देने वालों का हुजूम लग गया। नगर में एक बार फिर दीपावली जैसा माहौल रहा। देशभक्ति गाने, डीजे व धुमाल के साथ चारों ओर आतिशबाजी से पूरा माहौल भारत माता की जय के नारों से गुंजायमान हो उठा। सिमगा के वीर सपूत फौजी निलेश तम्बोली का नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया। इसमें परिजनों के अलावा इष्ट मित्र, नगरवासी, प्रेस क्लब, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा जबरदस्त स्वागत किया गया। निलेश तम्बोली भारतीय थलसेना में वर्ष 2004 में भर्ती हुआ तथा देश के विभिन्न सीमाओं जिसमें सिकंदराबाद, श्रीनगर, जोधपुर, असम, भटिंडा, सियाचिन, जालंधर की सीमाओं में तैनात रहे। तत्पश्चात 31 अक्टूबर को नागालैंड से अपना 20 साल देश को समर्पित करने के बाद सेवानिवृत्त हुए।

### तुमगांव में धूमधाम से मनाया दीपावली पर्व

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली पर्व बड़े धूमधाम व शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। पूरे नगर में दीप जलाया गया। और प्रभु राम माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना की गई। पटाखों की गूंज और लाइट आकर्षण का केंद्र बना रहा। गौरा चौक में ईशर गौरा की स्थापना कर नगर विकास व सुख समृद्धि के लिए मनोकामना की गई। सर्व यादव समाज गोवर्धन पूजा किया गया।

## अनदेखी : सड़कों पर खड़ी की जा रही बसें, वहीं से यात्रियों को बैठाया जा रहा

# हाईटेक बस स्टैंड शहरवासियों के लिए सपना बनकर रह गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

जिस तरह रेल सुविधा के लिये रेल स्टेशन होता है, उसी तरह बस सुविधा के लिए एक हाईटेक बस स्टैण्ड का होना अनिवार्य है। परंतु शहर में पिछले 15 सालों से हाईटेक बस स्टैंड नहीं हो पाया है। इसकी सख्त आवश्यकता महसूस की जा रही है। नगरवासी भी मध्यप्रदेश सड़क परिवहन निगम के समय से भाटापारा में एक सर्वसुविधा युक्त बस स्टैंड की मांग कर रहे हैं, लेकिन मध्यप्रदेश के बाद छत्तीसगढ़ बन गया और छत्तीसगढ़ बनने के बाद रायपुर जिले से भाटापारा अलग हो गया, उसके बाद भी शहर को बस स्टैंड की सौगात नहीं मिल पाई। भाटापारा से जिला मुख्यालय सहित अन्य जिलों के अनेक कस्बों के लिए शहर से नियमित सेवा है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि बस को खड़ी करने के लिए एक स्थायी बस स्टैंड की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही है। नतीजा सफर करने वाले यात्रियों को धूप हो या बरसात सड़क पर खड़े होकर बस का इंतजार करना पड़ रहा है। ताज्जुब की बात है कि शहर में राजनीति का दंभ भरने वाले भी भाटापारा शहर को अब तक एक स्थायी बस स्टैंड की सुविधा नहीं दिला पाए।

■ राजनीति का दंभ भरने वाले भी शहर को स्थायी बस स्टैंड की सुविधा नहीं दिला पाए



### बैठने के लिए शेड तक नहीं

*बस यात्रियों में हमेशा ही नाराजगी बने रहती है। बस स्टैंड पहुंचने पर खास कर महिलाओं को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालत यह है कि बसें भी जहां-तहां खड़ी कर दी जाती है। आज हालात ऐसे बन गए हैं कि यात्री बस स्टैंड कहीं गुम हो गया है। ढूंढने पर भी यह नहीं पता चलता कि यहीं बस स्टैंड है। जबकि सड़क पर ही खड़े होकर ही यात्री बस का इंतजार करते हैं, जहां से बसें संचालित होती है, वहां पर 25 से 30 वर्ष से भी अधिक समय से बस चल रही हैं, किंतु वर्तमान में कई ऐसे सवाल हैं, जो यात्रियों के लिए आज भी अनसुलझे हैं।*

### बस स्टैंड में सब्जी पसरा वालों का कब्जा

पूरे बस स्टैंड में बड़ी संख्या में अवैध तरीके से सब्जी दुकानें बेतरतीब रूप से लगती है, जिससे बसे आसानी से अंदर बाहर आ जा नहीं सकती और किसी दिन भी अप्रिय घटना से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। यहां चारों तरफ गंदगी का आलम है। इस बस स्टैंड में कोई भी सुविधा नहीं होने से वर्तमान में भरी दोपहर के समय लोग परेशान है। भीषण गर्मी के समय गर्मी से लोग परेशान रहते हैं। क्योंकि इस बस स्टैंड में यात्रियों के ठहरने के लिए शेड तक नहीं है, इसलिए लोगों की मांग की शहर में जहां पर अभी बस स्टैंड है उसे पूरी तरह कब्जा मुक्त कराकर वहीं पर एक हाईटेक सर्व सुविधा युक्त बस स्टैंड का निर्माण कराया जाए। क्योंकि यह जगह वर्तमान में बस स्टैंड के लिए सबसे उपयुक्त जगह है।

### महिलाओं के लिए शौचालय तक नहीं

कहने को तो यह यात्री बस स्टैंड है, किंतु यहां पर यात्रियों के लिए नाम मात्र की भी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। यात्रियों के लिए न तो वहां पर खड़े होने के लिए शेड है न ही पीने के पानी आदि की व्यवस्था है। साथ ही महिला यात्रियों के लिए शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है। इन सब अव्यवस्थाओं के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### सपना बनकर रह गया हाईटेक बस स्टैंड

भाटापारा में काफी लंबे समय से एक सर्व सुविधा युक्त बस स्टैंड की आवश्यकता लगातार महसूस की जा रही है, परंतु इस दिशा में अभी तक कोई भी उल्लेखनीय कार्य नहीं हुआ है। यथाशीघ्र भाटापारा में हाईटेक बस स्टैंड बनाया जाना चाहिए।

### रोजाना चलती है भारी संख्या में बसें

वर्तमान में शहर से अन्य शहरों और गांवों के लिए सबसे अधिक बसे रोजाना चलती है, ज्यादातर बसे ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भाटापारा से चलती हैं। बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के लोग रोजाना के कार्य के लिए भाटापारा आते-जाते हैं। साथ ही भाटापारा स्टेशन से ट्रेन पकड़ने के लिए गांव से बसों के माध्यम से भाटापारा पहुंचते हैं। भाटापारा से बलौदाबाजार, सुहेला, मुंगेली, बिलासपुर, मारो, नवागढ़, पथरिया, बेमेतरा, मोपका, निपनिया, करही बाजार और खरोरा के लिए बसे चलती हैं।

# जनसंपर्क की फोटो प्रदर्शनी में दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के 24वें वर्षगाठ में जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन पं. चक्रपाणी शुक्ल स्कूल परिसर बलौदाबाजार में आयोजित कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी का स्टॉल विभिन्न विभागों द्वारा लगाया गया था। इसमें जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं पर आधारित फोटो प्रदर्शनी लगाई गई। फोटो प्रदर्शनी लोगों में आकर्षण का केन्द्र रही। राज्योत्सव में पहुंचे लोगों को छत्तीसगढ़ जनसंपर्क द्वारा प्रकाशित सुशासन के नवीन आयाम, मासिक पत्रिका जनमन, रोजगार नियोजन सहित अन्य पत्र–पत्रिकाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। युवाओं में प्रतियोगी के लिए सामग्री को पाकर खुशी जाहिर की।


# 12 अवैध विकासकर्ताओं को प्रशासन का नोटिस

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर नगर निवेश विभाग द्वारा अवैध विकासकर्ताओं को नोटिस जारी किया गया है। प्रदत्त जानकारी के अनुसार भाटापारा निवेश क्षेत्र अंतर्गत 8, बलौदाबाजार निवेश क्षेत्र अंतर्गत 2, हथबंध व खपराडीह निवेश क्षेत्र अंतर्गत 1 –1 कुल 12 अवैध विकासकर्ताओं को छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 36, 37 के तहत नोटिस जारी कर समय सीमा में जवाब मांगा गया है। इसमें भाटापारा निवेश क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पटपर से रोशन लाल पिता मंधनदास के भूमि खसरा नम्बर 155/1, 155/10, 155/11, 155/28, 159/1 रकबा 1.531 हेक्टेयर,सुप्रीम कंस्ट्रक्शन एवं डेवलपर्स, श्री दिनेश पुंशी पिता लेखराज पुंशी के भूमि खसरा नम्बर 123/1,125/2,140/1 रकबा 0.563हे.,ग्राम धौराभाठा से श्रीमती शशि पति श्याम बिहारी अग्रवाल के भूमि खसरा नम्बर 62/2, 64/2 रकबा 2.343 हे., राहुल सचदेव पिता रामचंद्र सचदेव के भूमि खसरा नम्बर 63द2, रकबा 0.809 हे.,दिनेश पुंशी पिता लेखराज पुंशी के भूमि खसरा नम्बर 65/96 रकबा 0.046हे., ग्राम पेंडारी से राधेश्याम आर्य पिता गोविन्द राम आर्य के भूमि खसरा नम्बर 201/27 रकबा 0.276 हे., ग्राम अवरेठी से नरेन्द्र कुमार भोजवानी पिता ईश्वर दास भोजवानी के भूमि खसरा नम्बर 106/29,106/36 रकबा क्रमशः 1.134,0.192 हे., ग्राम हाथनी से संदीप भट्टर पिता नन्द किशोर भट्टर के भूमि खसरा नम्बर 380 का भाग, बलौदाबाजार निवेश क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसा भदेर से दुर्गा बाई अग्रवाल पति अमित कुमार अग्रवाल के भूमि खसरा नम्बर 159,161/6 रकबा क्रमशः 0.241 व 0.152हे., हथबंद निवेश क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रिंगनी एवं केसदा के सीईओ,एपीएल अपोलो बिल्डिंग प्रोडक्टस प्राइवेट लिमिटेड के भूमि पर बने अवैध निर्माण को तोड़ने हेतु व खपराडीह निवेश क्षेत्र अंतर्गटत ग्राम खपराडीह से इकाई प्रमुख श्री सीमेंट को अवैध रूप से तीन साइलो, आवासीय कालोनी एवं अन्य निर्माण को रोक लगाने हेतु नोटिस जारी किया गया है। नगर तथा गाम निवेश सहायक संचालक बी.एल. बांधे ने बताया कि अवैध विकास को हटाने के लिए नोटिस जारी समय–सीमा में जवाब मांगा गया है। जवाब अप्राप्त होने अथवा संतोषप्रद न होने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

# गोपाष्टमी मंदिर में 9 को पूजा और भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

युगों युगों से विराजित गुप्त तीर्थ धाम धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में 9 नवम्बर को गोपाष्टमी का महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भोग प्रसाद महाभंडारा का आयोजन किया गया है। महाभंडारा में सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। गोपाष्टमी के अवसर पर श्री शिवरीनारायण भगवा का नवीन वस्त्रों से मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा। रंग बिरंगे फूलों की माला भगवान श्री को धारण कराया जाएगा। श्री कृष्ण की झाकियों की महाआरती दोपहर ठीक 11 बजे घण्टे घड़ियाल और शंख की मधुर ध्वनि के मध्य महाआरती की जाएगी। गोपाष्टमी मंदिर के मुख्य पुजारी पं. हरीश तिवारी भोगहा ने बताया कि कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को भगवान श्री कृष्ण गऊ माता की सेवा करने और गायों के संवर्धन के लिए सर्वप्रथम गाय चराने की शुरुवात की गई थी। भगवान द्वारा किसी भी समय जो भी कार्य शुरू करें वही समय शुभ मुहूर्त बन जाता है। भगवान श्री कृष्ण गायों से आत्मिक लगाव रखते थे।



धार्मिक मान्यता है कि गोपाष्टमी के दिन गायों की विधि विधान से पूजापाठ और सेवा करने से सभी देवी देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता हैं। कार्यक्रम में हर्षवर्धन तिवारी, शशांक तिवारी, अंकित तिवारी, अभिनव तिवारी, दिनेश शर्मा, प्रतिक शुक्ला, अभिषेक तिवारी छोटा, अभिजीत पांडेय, आशीष दुबे, चिंटू केशरवानी, राजेश केशरवानी, अश्वनि केशरवानी, श्रवण अग्रवाल उपस्थित रहेंगे।

# कोट पेण्ड्रावन में क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ

**गोपालपुर।** युवा नाइट क्रिकेट क्लब ग्राम कोट पेण्ड्रावन के तत्वावधान में बुधवार को रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि मनीष आनंद केन्द्रीय स्टेट कोआर्डिनेटर तथा श्याम टंडन प्रदेशाध्यक्ष बसपा छत्तीसगढ़ ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष देवांगन, जीवराज प्रकाश रात्रे, प्रवीण सिंह मल्होत्र, कुलक्षणी वारे, सालिक राम निषाद प्रभारी, संतराम निराला, दुलरवा, सुनील रात्रे, मनोज महिवाल, दशरथ यादव, रामलाल खुराना आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्यारेलाल यादव ने किया।



## बेमचा में मनाई गई महर्षि विश्वामित्र की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा के गायत्री मंदिर में विश्वामित्र जयंती मनाई गई। इसका प्रारंभ राधा साहू द्वारा दीप प्रज्ज्वलन पूजन से किया गया। मंत्र संचालन के अंतर्गत भगत गुरु ने बताया कि विश्वरथ गायत्री मंत्र की विशिष्ट साधना से ही विश्वामित्र बने, जिन्होंने नूतन सृष्टि का संकल्प लिया था। क्षेत्र के रामायण प्रवक्ता केके पांडे, नंद कुमार साहू, तुलसीराम सेन, रामचंद्र विश्वकर्मा ने भी गीत संगीत के साथ विश्वामित्र के कर्तव्य पर विचार रखे। बीएल आचार्य ने कहा कि विश्वामित्र, राम लक्ष्मण को अपने आश्रम में रखकर बलाअति बला विद्या प्रदान की। रामचरित्र मानस की चौपाई से अंताक्षरी का कार्यक्रम भी हुआ। जिसमें प्रथम स्थान बेलसोंडा टीम, द्वितीय अमृत साहू महिला मंडल एवं रमेश चंद्राकर रहे।

## पेज 11 के शेष

### बस स्टैंड का...

का नवीनीकरण कार्य 145.77 लाख, कार्यपालन अभियंता जल प्रबंध संभाग क्रमांक 2 बलौदाबाजार द्वारा बलौदाबाजार नहर के वितरक क्रमांक 21 एवं उनकी माइनर का रिमॉडलिंग लाइनिंग एवं पक्के संरचनाओं का पुनर्निर्माण कार्य 1511.58 लाख का भूमिपूजन शामिल हैं।

### ग्रामीणों को नल ...

निर्माण कार्य 03 नग शास. हायर सेकेण्डरी स्कूल शिकारी केसली 276.81 लाख, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कारपोंशन लिमिटेड द्वारा 20 बेड आइसोलेशन वार्ड जिला हास्पिटल बलौदाबाजार 74.56 लाख, यूएचडब्ल्यूसी पुरानी बस्ती लट्‌टुवापारा बलौदाबाजार 25 लाख, सहकारिता विभाग प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधी केन्द्र अमेरा 3 लाख एवं प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केन्द्र लाहोद 3 लाख का लोकार्पण शामिल हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 2100 स्वीकृति सह भूमिपूजन एवं 51 हितग्राहियों चाबी सौंपेंगे।

### संयंत्र लगाने दी गई...

है। इसकी जानकारी होने पर ग्रामीण इसका पुरजोर विरोध करने लगे एवं किसी भी सुरत में उद्योग नहीं लगने की मांग करने लगे। इस बीच ग्रामीणों की मांग पर बुधवार को ग्राम पंचायत परिसर में विशेष ग्रामसभा का आयोजन सरपंच सरस्वती डहरे की अध्यक्षता में किया गया। इसमें 2 पंचों को छोड़ शेष 16 पंच एवं सरपंच के हस्ताक्षर युक्त अनापत्ति प्रमाण पत्र को कुल मतदाताओं के एक तिहाई सदस्यों ने भारी विरोध करते हुए सर्व सम्मति से एनओसी को खारिज कर निरस्त कर दिया। इस मौके पर खोमचंद वर्मा, लुकेश पटेल, लखन अग्रवाल, राजकुमार साहू, गौरीशंकर पटेल, राजकुमार गहरे, यशोमति साहू, सुक्रिता साहू, अनीता साहू, भूरी बाई साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025
18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025
09 जून से 17 जून 2025
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+ 5% GST)
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:–7354–411411